# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा N.C.R.P./समन्वय पोर्टल पर पर भिन्न-भिन्न राज्य से की गयी कुल 09 शिकायतों से संबन्धित कुल ₹15,47,63,520/- (पन्द्रह करोड़ सैतालिस लाख तिरसठ हजार पांच सौ बीस रुपये) साइबर फ्राड करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।**

**◆गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से फ्राड किये गये पैसों से खरीदा गया 01 अदद आईफोन व वीवो कम्पनी मोबाइल, 01 अदद लैपटाप एचपी कम्पनी, व साइबर ठगी के ₹20,000/- रुपया नगद बरामद किया गया।**

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे प्रदेश व्यापी अभियान 'Cy-Vajra के दृष्टिगत डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में तथा शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में व अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा के नेतृत्व में साइबर सेल टीम थाना खेसरहा द्वारा N.C.R.P./समन्वय पोर्टल पर प्राप्त संदिग्ध बैंक खातों की जांच के दौरान वर्ष 2024-2025 में एनसीआरपी/समन्वय पोर्टल पर अभियुक्त के विरुद्ध भिन्न-भिन्न राज्यों से कुल 09 साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज हुई थी, जिसकी जांच थानाध्यक्ष खेसरहा द्वारा किया गया तो ज्ञात हुआ कि साइबर अपराध/म्यूल खाता संख्या 38160871756 में कुल ₹15,47,63,520/- ( पन्द्रह करोड़ सैतालिस लाख तिरसठ हजार पांच सौ बीस रुपये) की एनसीआरपी कम्पलेन में आनलाइन फाइनेंशियल फ्राड हुआ, जिसमें से ₹24,230.66/- उपरोक्त म्यूल खाते में आया एवं इसका उपयोग अपने निजी खर्चों में किया गया। जिसके संबन्ध में दिनांक 12.07.2026 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 96/2026 धारा 318(4)/317(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा आज दिनांक 14.07.2026 को 01अभियुक्त को गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**पूंछताछ का विवरण-** पूंछताछ के दौरान अभियुक्त नसीम अहमद द्वारा बताया गया कि वह आनलाइन गेम खेलकर साइबर फ्राड के रुपयों को अपने खातों में गेम के माध्यम से मंगवाता था और उन्हीं रुपयों को पुनः आनलाइन गेम में लगाकर अपने खातो में साईबर फ्राड की रकम को मगांता था, जिसको अन्य बैंक खातो में स्थानान्तरित कर साईबर ठगी करता है। साईबर ठगी करने के उद्देश्य से उसने अपने नाम से यूनियन बैंक, अर्बन कोआपरेटिव बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक व इंडियन पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक में छः खाते खुलवाये गये है। उक्त खातो को एनसीआरपी/समन्वय पोर्टल पर चेक किया गया तो भिन्न-भिन्न राज्यो से पंजाब नेशनल बैंक के खाता संख्या 6500000100188571 में भिन्न-भिन्न राज्यो से 06 एनसीआरपी कम्पलेन, यूनियन बैंक के खाता संख्या 736302010012379 में 01 एनसीआरपी कम्पलेन व अर्बन कोआपरेटिव बैंक के खाता संख्या 070100005001 में 01 एनसीआरपी कम्पलेन कुल 08 कम्पलेन का होना पाया गया है, जिसमें कुल साईबर फ्राड की धनराशि

₹7,08,28,078/- ( सात करोड़ आठ लाख अठाईस हजार अठहत्तर रुपये) है। जिसमें से अभियुक्त नसीम अहमद उपरोक्त के पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक व अर्बन कोआपरेटिव बैंक के खातो में ₹36916/- रुपये आये।

**सिद्धार्थनगर पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी लालच में अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, चेकबुक अथवा बैंकिंग विवरण किसी अन्य व्यक्ति को उपलब्ध न कराएं। ऐसा करना भी गंभीर अपराध है तथा इसमें संलिप्त पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**01.**नसीम अहमद पुत्र औसाफ अहमद निवासी बेलवालगुनही थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर, उम्र करीब 20 वर्ष।

**अभियुक्त से बरामदगी का विवरण-**

01-दो अदद मोबाइल आईफोन व वीवो कम्पनी ,

02-एक अदद लैपटाप एचपी कम्पनी ,

03-एक अदद माउस प्रोडाट कम्पनी,

04-एक अदद लैपटाप चार्जर एचपी कम्पनी,

05-चार अदद पासबुक यूनियन बैंक, अर्बन कोआपरेटिव बैंक, पंजाब नेशनल बैंक व एक्सिस बैंक,

06-पांच अदद एटीएम कार्ड (यूनियन बैंक, अर्बन कोआपरेटिव बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक) व एक अदद इंडियन पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक कार्ड,

07-₹20,000/- नगदी साईबर ठगी से।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

2.उ0नि0 ऱाघवेन्द्र प्रताप यादव प्रभारी साईबर सेल थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

3.उ0नि0 रवि प्रताप सिंह सेंगर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

4.आरक्षी अभिषेक कुमार मौर्या, चन्दन सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भरौली कैथवलिया की महिलाओं/ बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक  हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भरौली कैथवलिया की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया।  जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोप में वान्छित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में अभय सिंह थानाध्यक्ष थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 101/20265 धारा-80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त शिवकरन पुत्र सीताराम निवासी सिसवा खुर्द थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर को बृहद ग्राम पिपरा पाण्डेय गांव के पास नौगढ-शोहरतगढ मुख्य मार्ग से आज दिनांक 14.07.2026 को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

1. शिवकरन पुत्र सीताराम निवासी सिसवा खुर्द थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**

01.उ.नि. रमेश चन्द्र थाना जोगिया उदयपुर  जनपद सिद्धार्थनगर।

02.का0 विकास सिंह थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

03.रि0आ0 अवनीश कुमार थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 14.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 03 भूमि विवाद, 02 पारिवारिक व शेष 02 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.07.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो के तहत थानाक्षेत्र कपिलवस्तु में कपिलवस्तु पार्क, अलीगढ़वा बॉर्डर, तेनुहवा,चैनपुर, बर्डपुर में महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग  कर चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

***एण्टी रोमियों टीम का विवरण :-**

01.उ0नि0 श्रीमती मीरा चौहान (प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड)

02. महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्या (एंटी रोमियो स्क्वाड)

03.महिला आरक्षी नेहा सिंह (एंटी रोमियो स्क्वाड)

# प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना गोल्हौरा साइबर सेल की टीम द्वारा शिकायतकर्ता के साथ AEPS के माध्यम से साइबर फ्राड धनराशि ₹20,000/- को शिकायतकर्ता के खाते में कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व श्री पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष श्री रामदेव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना गोल्हौरा पर दिनांक 16.06.2026 को आवेदक सहजराम पुत्र रेघई सा0 खड़रिया बुजुर्ग थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें का शिकायत किया गया था । जिस पर थाना गोल्हौरा साइबर सेल टीम व बैंक के समन्वय से आवेदक सहजराम उपरोक्त फ्राड धनराशि को आज दिनांक 14.07.2026 को ₹20,000/-को पीड़ित के खाता में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण**

01.थानाध्यक्ष श्री रामदेव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार पाण्डेय थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

03.क0आ0 विकास सिंह साइबर सेल थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

04.का0 अभिषेक सिंह, अजय विश्वकर्मा साइबर सेल थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

05.म0का0 खुशबू यादव, नीशू गुप्ता साइबर सेल थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के ग्राम मधुकरपुर में महिलाओं/बालिकाओ को महिला अपराध व उससे बचाव तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौर्यान तथा प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के ग्राम मधुकरपुर में जनचौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम नौखनिया में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम नौखनिया में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

1.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय

2.हे0का0 शैलेन्द्र गिरि

3.म0का0 कालिन्दी यादव

# प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गवारिया के फैजल उलूम स्कूल में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम गवारिया के फैजल उलूम स्कूल में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उनको जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना क्षेत्र के पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल ग्राम कठेलाशर्की के छात्र-छात्राओं को महिला अपराध, नये कानून, शून्य एफआईआर, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी तथा थाना प्रभारी कठेला समयमाता के नेतृत्व में थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत के तहत पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल ग्राम कठेला शर्की बहू/बेटी सम्मेलन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाये जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया गया तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,101अग्निशमन हेल्प लाइन,14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर "नये आपराधिक कानूनों के तहत शून्य एफआईआर' की अवधारणा, E-FIR, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान (कवच परियोजना), नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बरहपुर की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम थानाक्षेत्र के ग्राम बरहपुर की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 अयोध्या यादव

02.म0हे0का0नीलम शुक्ला

# प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम इटवा की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 14.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पविन प्रकाश के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम इटवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर में महिलाओं को एकत्रित कर के महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबरो 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई की जानकारी।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजेंद्र शाही

02.म0आ0 रंजना कोरी

03.म0आ0 साधना यादव

# प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम होरिलापुर के प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम होरिलापुर के प्राथमिक विद्यालय की छात्राओ को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर -**

1.उ0नि0  रामदरश यादव

2.रि0म0आ0 बिन्दु निषाद

# प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 02 आरोपियो को न्यायालय उठने तक व कुल ₹1,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 14.07.2026 को वाद सं0-510/2021 NCR-37/2020 धारा 323 भा0द0वि0 थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री आदेश कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय एसीजे जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.बृजमोहन पुत्र झीनकान 02.शांति पत्नी बृजमोहन निवासीगण कुसम्ही थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक व कुल ₹1,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढेबरुआ पुलिस के साथ शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा तुलसियापुर में पैदल गश्त मार्च किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 17.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ मय पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा तुलसियापुर में पैदल गश्त किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 14.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 14.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।